# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
- प्रधानमंत्री आज मेरठ में लगभग बारह हजार नौ सौ तीस करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन। नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गौतमबुद्धनगर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट इंडिया चिप का किया शिलान्यास। कहा– विकसित भारत के निर्माण के लिए मेड इन इंडिया चिप जरूरी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत दो लाख इक्यावन हजार किसानों में क्षतिपूर्ति राशि का किया वितरण। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पैंतीस सौ लाभार्थी परिवारों को प्रदान की सहायता राशि।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ इकतीसवां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मेरठ में लगभग बारह हजार नौ सौ तीस करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यहां से वे मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो का सफर करेंगे। प्रधानमंत्री बयासी किलोमीटर लंबे दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह भारत की पहली नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम आरआरटीएस के शेष खंडों का भी उद्‌घाटन करेंगे। इनमें दिल्ली में सराय काले खान और न्यू अशोक नगर के बीच का पांच किलोमीटर का खंड और उत्तर प्रदेश में मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच का इककीस किलोमीटर का खंड शामिल है। प्रधानमंत्री मेरठ दक्षिण और मोदीपुरम के बीच मेरठ मेट्रो सेवा का भी उद्‌घाटन करेंगे, जो नमो भारत के ही बुनियादी ढांचे पर संचालित होगी। यह देश में अपनी तरह की पहली पहल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का कल निरीक्षण किया और उसे लेकर जरूरी निर्देश दिये।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गौतमबुद्धनगर के यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट इंडिया चिप का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तर प्रदेश भी भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। इससे प्रदेश और देश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा।

***हम सभी के लिए ये गर्व की बात है कि उत्तर प्रदेश भी भारत के सेमी कंडक्टर इको–सिस्टिम काबड़ा सेंटर बनने जा रहा है। एचसीएल और फॉक्सकॉन की ये नईफैक्टुरी, टेक्टोनोलोजी पावर हाउस के रूप में यूपी की नई पहचान को और ससक्त करेंगी। उत्तर प्रदेश के सांसद के रूप में भी मेरे लिए ये बहुत गर्व का क्षण है। इस सेमी कंडक्टर फैक्टुरी की वज़े से उत्तर प्रदेश के युवाओं को, देश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा।***

श्री मोदी ने कहा कि आज दुनिया भारत को टेक फ्यूचर के केंद्र के रुप में देख रही है। भारत आज सेमीकंडक्टर स्किल्स पर बहुत बल दे रहा है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी होगा, जब भारत आत्मनिर्भर होगा और इसके लिये मेड इन इंडिया चिप बहुत जरूरी है।

***विकसित भारत का निर्माण तब ही होगा, जब भारत आत्मनिर्भर होगा और इसके लिए मेड इन इंडिया चिप होना बहुत जरूरी है। क्योंकि जब भारत की चिप मेड इन इंडिया होगी, तो हमें हमारे आधुनिक साजो सामान की मेडिफेक्टरिंग के लिए दूसरों की तरफ नहीं देखना पड़ेगा।***

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की वजह से प्रदेश में निवेश का बेहतरीन माहौल हुआ है।

***ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ–साथ उत्तर प्रदेश में फेयरलेस बिजनेस, ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस का एक मजबूत इकोसिस्टम। इस दौरान डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के अंदर स्थापित करने के सामने जो कार्य आगे बढ़ाए हैं, उसी श्रृंखला में उत्तर प्रदेश में चौंतीस से अधिक अपने सेक्टरल पॉलिसीज के माध्यम से उत्तर प्रदेश को निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के साथ ही उत्तर प्रदेश आज डिरेगुलेशन में देश के अंदर अग्रणी राज्यों के रूप में आगे बढ़ रहा है।***

सभा को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मात्र साढ़े ग्यारह साल में ही प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक पावर हाउस के रूप में स्थापित कर दिया है।

श्री वैष्णव ने इस अवसर पर एआई समिट के घोषणा पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री के मानव विजन पर केन्द्रित है।

***जो प्रधानमंत्री जी का विजन है हयूमन सेंट्री मानव विजन उसको आज संपूर्ण विश्व ने स्वीकार किया है। 86 कंट्री ने उस साझा दस्तावेज साइन् किया जिस पर मा प्रधानमंत्री जी का मानव विजन स्थापित हुआ है जो सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की भावना से प्ररित है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ–दो हजार पच्चीस के अंतर्गत दो लाख इक्यावन हजार किसानों को दो सौ पचासी करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पैंतीस सौ लाभार्थी परिवारों को भी एक सौ पचहत्तर करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन में फर्स्ट रिस्पॉन्डर, आपदा मित्र हो सकता है। प्रधानमंत्री ने इस संबंध में बड़ा अभियान चलाया है। उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री की इस पहल को बढ़ाने का कार्य किया।

***उप्र0 में आदरणीय प्रधानमंत्री जी की इस पहल को आगे बढ़ाने का यह काम किया है। खासतौर पर 25 जनपदों में 29772 युवा स्वयं सेवक जिसमें एनसीसी, एनएसएस एलवाईकेएस भारत स्काउट एंड गाउठ को प्रशिक्षत करके उनके साथ हम लोगों ने आपदा मित्र प्रबंधन से जुड़े जुए सभी प्रकार के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है।***

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–दो हजार छब्बीस के अन्तर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने तथा मतदाता सूची को शुद्ध करने के उद्देश्य से दावा एवं आपत्ति प्राप्त किये जाने के लिये चार विशेष अभियान दिवस आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसी कड़ी में आज से प्रदेश के सभी मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जायेगा। विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदेय स्थल पर सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ उपस्थित रहेंगे।

**********

प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनीतिक पेंशन विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह ने कल लखनऊ में अपने विभाग के लिये जारी बजट के व्यय को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि आवंटित बजट का समय से उपयोग सुनिश्चित करना होगा, जिससे कि निर्धारित समय–सीमा में प्रदेशवासियों को उसका लाभ मिल सके।

**********

होली पर यात्रियों के आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिये रेलवे प्रशासन ने दो होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। फिरोजपुर से दानापुर और ऋषिकेश से कोलकाता के बीच इन ट्रेनों का संचालन छब्बीस फरवरी से शुरू होगा। उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि यह दोनों गाड़ियां प्रदेश के कई स्टेशनों से होकर गुजरेंगी।

**********

भारत दौरे पर आए गुयाना के उपराष्ट्रपति डॉक्टर भरत जगदेव ने कल अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में रामलला का दर्शन पूजन किया। दर्शन के बाद उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय के साथ श्रीराम जन्मभूमि परिसर का भ्रमण कर मंदिर निर्माण की भव्यता का अवलोकन किया।

**********